जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

प्रेषक :
सम्बद्धता विभाग,
जीवाजी विश्वविद्यालय
ग्वालियर

ग्राम : यूनिवर्सिटी
दूरभाष : (0751-244228 (कार्यालय)
ई-मेल : E-mail : jiwajidcdc@gmail.com

क्रमांक : एफ/सम्बद्धता/2025/ 17868 दिनांक : 07/01/2025

प्रति,

अध्यक्ष/सचिव/प्राचार्य
समस्त अशासकीय महाविद्यालय
सम्बद्ध जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर

विषयः- परिनियम 28/17 के अंतर्गत कार्यरत प्राचार्य एवं शैक्षणिक स्टाफ के त्याग पत्र की सूचना के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयांर्गत लेख है कि, जीवाजी विश्वविद्यालय से सम्बद्ध अशासकीय महाविद्यालयों में परिनियम 28/17 के अंतर्गत कार्यरत प्राचार्य एवं शैक्षणिक स्टाफ द्वारा किन्ही कारणों से कार्यरत महाविद्यालय से त्याग पत्र दे दिया है अथवा जिनको महाविद्यालय द्वारा सेवा से पृथक/बर्खास्त कर दिया गया है।

ऐसे शिक्षकों के संबंध में प्रायः यह देखने में आ रहा है कि संबंधित शिक्षक के त्याग पत्र की सूचना संबंधित महाविद्यालय द्वारा प्रदान नहीं की जाती है। शिक्षक के त्याग पत्र की सूचना संबंधित शिक्षक द्वारा सीधे ही स्वयं के द्वारा विश्वविद्यालय को प्रदान की जाती है। जो कि नियमानुसार नहीं है जबकि उक्त त्याग पत्र/पृथकीकरण/बर्खास्तगी की सूचना विधिवत रूप से संबंधित महाविद्यालय द्वारा शासी निकाय की पुष्टि के साथ विश्वविद्यालय में प्रस्तुत किया जाना चाहिए।

अतः उक्त संबंध में समस्त अशासकीय महाविद्यालय के अध्यक्ष/सचिव/प्राचार्य को निर्देशित किया जाता है कि, वे महाविद्यालय में कार्यरत प्राचार्य एवं शैक्षणिक स्टाफ के त्याग पत्र/पृथकीकरण/बर्खास्तगी की सूचना विधिवत रूप से मय शासी निकाय की पुष्टि एवं महाविद्यालय के आवेदन के साथ प्रस्तुत करें तब ही उक्त प्राचार्य एवं शैक्षणिक स्टाफ के त्याग पत्र/पृथकीकरण/बर्खास्तगी की सूचना को विश्वविद्यालय द्वारा मान्य किया जाना संम्भव होगा।

कुलसचिव

प्रतिलिपि :-

1. आयुक्त, उच्च शिक्षा विभाग, सपुड़ा भवन भोपाल।
2. अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा, ग्वालियर-चम्बल संभाग, कस्तूरबा चौराहा कम्पू, लश्कर ग्वालियर।
3. कुलगुरू के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
4. कुलसचिव के निज सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
5. प्रभारी, आई. टी. सेल. जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर की ओर सूचना पटल पर चस्पा करने हेतु।

निदेशक,
महाविद्यालयीन विकास परिषद्

Disk:E-Tarun Shrivastava/All Letter's 2025-26/D.C.D.C./J.U